# पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

CIN :- U40101UR2004SGC028675

मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग

विद्युत भवन, नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून–248002

E-mail : hr@ptcul.org

दूरभाष नं0 0135–2645249 फैक्स नं0 0135–2645249 वेबसाइट : www.ptcul.org

PTCUL


पत्रांक : 1320/मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/ दिनांकः 27.08.2025

**विषयः– सेवानिवृत्त कार्मिकों पारिवारिक पेंशनधारियों एवं मृत कर्मचारियों के लम्बित देयको/पेंशन प्रकरणों के निस्तारण तथा कार्मिकों के पदधारिता विवरण के सम्बन्ध में दिनांक 23.08.2025 को कारपोरेट मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

**समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर।/।।)/महाप्रबन्धक,**
**समस्त अधीक्षण अभियन्ता/उपमहाप्रबन्धक,**
**समस्त अधिशासी अभियन्ता, पिटकुल....................।**

कृपया दिनांक 23.08.2025 को सेवानिवृत्त कार्मिकों, पारिवारिक पेंशनधारियों एवं मृत कर्मचारियों के लम्बित देयकों/पेंशन प्रकरणों के निस्तारण तथा कार्मिकों की पदधारिता के सम्बन्ध में कारपोरेशन मुख्यालय में आयोजित की गयी मासिक समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त की प्रतिलिपि संलग्न कर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु आपको प्रेषित की जा रही है।

**संलग्नः यथा उपरोक्त।**

(अशोक कुमार जुयाल)
महाप्रबन्धक (मा0सं0)(औ0)

पत्रांक /मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/ तददिनांक : –

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त की छायाप्रति सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव–प्रबन्ध निदेशक, पिटकुल, देहरादून को प्रबन्ध निदेशक महोदय के संज्ञानार्थ।
2. निजी–सचिव–निदेशक (मा0सं0)/(परिचालन), पिटकुल, देहरादून को निदेशकगणों के संज्ञानार्थ।
3. समीक्षा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारी।
4. अधिशासी अभियन्ता (सू0एवंप्रौ0), पिटकुल, देहरादून को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया विषयगत पत्र को संलग्नक सहित कारपोरेशन की वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नः यथा उपरोक्त।**

(अशोक कुमार जुयाल)
महाप्रबन्धक (मा0सं0)(औ0)

**सेवानिवृत्त कार्मिकों/पारिवारिक पेंशनधारियों तथा मृतक कार्मिकों के लम्बित विभागीय देयकों/पेंशन प्रकरणों के निस्तारण तथा कार्मिकों की पदधारिता विवरण के सम्बन्ध में दिनांक 23.08.2025 को कारपोरेट मुख्यालय में आहूत समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

**उपस्थितिः**

बैठक में विभिन्न इकाईयों, वित्त विभाग तथा मानव संसाधन विभाग के कार्मिक ऑन लाईन/ऑफ लाईन माध्यम से उपस्थित हुए:-

1. श्री अशोक कुमार जुयाल, महाप्रबन्धक (मा0सं0)(औ0)।
2. श्री विवेकानन्द, उपमहाप्रबन्धक (मा0सं0)(प्र0)।
3. श्री तरूण सिंघल, वरिष्ठ लेखाधिकारी।
4. श्री दीपक पाण्डे, लेखाधिकारी।
5. श्री विकास कुमार, सहायक लेखाधिकारी।
6. श्री राजेश अरोड़ा, सहायक लेखाधिकारी।

**विभिन्न इकाईयों से प्राप्त निस्तारित/लम्बित पेंशन प्रकरणों का विवरण एवं अद्यतन स्थितिः-**

**वित्त विभाग द्वारा निस्तारित/कोषाधिकारी को प्रेषित प्रकरणः-**

| क्र0 सं0 | सेवानिवृत्त/ मृतक कार्मिक का नाम एवं पदनाम | सेवानिवृत्त/ मृत्यु की तिथि | इकाई का नाम | पेंशन प्रकरण की अद्यतन स्थिति | प्रकरण जिस स्तर पर लम्बित है मा0सं0 अनुभाग द्वारा उस अनुभाग को दिये गये दिशा-निर्देश |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री योगेश कुमार, अवर अभियन्ता | 30.04.2024 | 220 के0वी0 परि0एवंअनु0 उपकेन्द्र, पिरानकलियर | लक्सर प्रकरण में श्री योगेश कुमार, अवर अभियन्ता को अन्य के साथ आरोप पत्र निर्गत किया गया है, जिसमें मार्गदर्शन हेतु प्रकरण शासन को प्रेषित किया गया है। | कारपोरेशन पत्रांक 768 दिनांक 17.05.2025 के माध्यम से संयुक्त सचिव (ऊर्जा), उत्तराखण्ड शासन, देहरादून को प्रकरण प्रेषित करते हुए मार्गदर्शन प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। |
| 2. | श्री विजयमल प्रसाद, अवर अभियन्ता | 31.10.2024 | 220 के0वी0 उपकेन्द्र, पिरान कलियर | लक्सर प्रकरण में श्री विजयमल प्रसाद, अवर अभियन्ता को अन्यों के साथ आरोप पत्र निर्गत किया गया था, जिसमें मार्गदर्शन हेतु प्रकरण शासन को प्रेषित किया गया है। | कारपोरेशन पत्रांक 768 दिनांक 17.05.2025 के माध्यम से संयुक्त सचिव (ऊर्जा), उत्तराखण्ड शासन, देहरादून को प्रकरण प्रेषित करते हुए मार्गदर्शन प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। |
| 3. | श्री अनिल कुमार, मुख्य अभियन्ता (स्तर-1) | 31.10.2024 | क्रय एवं अनु0, पिटकुल, देहरादून | उत्तराखण्ड शासन के पत्रांक 1381/I(2)/2010-07(2)/10 दिनांक 06.07.2010 के अनुपालन में पुनः कारपोरेशन पत्रांक 958 दिनांक 18.06.2025, 1239 दिनांक 07.08.2025 एवं 3030 दिनांक 12.08.2025 के द्वारा शासन से दिशा-निर्देश चाहे गये हैं। | - |

क्रमशः..................2

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4. | श्री अजय कुमार शर्मा, वरिष्ठ लेखाधिकारी | 30.06.2025 | पेंशन एवं अधिष्ठान अनुभाग, पिटकुल, देहरादून | मानव संसाधन विभाग द्वारा पेंशन प्रकरण निस्तारित। वित्त अनुभाग द्वारा पेंशन प्रकरण लेखाहकदारी को प्रेषित करने हेतु ऑन लाईन अंकन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। | प्रकरण को शीघ्र निस्तारित किये जाने के निर्देश दिये गये। |
| 5. | श्री डी0सी0 पाण्डे, मुख्य अभियन्ता | 30.06.2025 | परियोजना नॉन ए0डी0बी0, पिटकुल, कुमायूँ क्षेत्र, हल्द्वानी | पेंशन प्रकरण दिनांक 21.08.2025 को लेखाहकदारी को प्रेषित किया जा चुका है। | – |

**सेवानिवृत्त कार्मिकों/पारिवारिक पेंशनधारियों तथा मृत्तक कार्मिकों के लम्बित विभागीय देयकों/पेंशन प्रकरणों के निस्तारण तथा कार्मिकों के पदधारिता विवरण के सम्बन्ध में बैठक में निम्नलिखित निर्देश दिये गये:–**

1. बैठक में उपस्थित समस्त कार्मिकों को उनके कार्यालयों में तैनात स्थायी कार्मिकों एवं संविदाकर्मियों का डाटा बेस (Database) अद्यतन कर जोन वाईज मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही डाटा बेस में कार्मिक के तैनाती स्थान कॉलम में अतिरिक्त कार्यभार का विवरण अंकित करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

2. बैठक में उपस्थित कार्मिकों को अवगत कराया गया कि कारपोरेशन के पत्रांक 1255/मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/ईओ–13 दिनांक 11.08.2025, जोकि निदेशक(मा0सं0)/(परिचालन)/(परियोजना)/(वित्त), पिटकुल को सम्बोधित है तथा जिसके माध्यम से निदेशक मण्डल द्वारा वर्ष 2025–26 की के0पी0आई0 हेतु निर्धारित लक्ष्य के अनुसार समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की के0पी0आई0 उपलबब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके क्रम में बैठक में समस्त कार्मिकों को निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित लक्ष्यों के आधार पर उनके कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वर्ष 2025–26 हेतु Individual के0पी0आई0 के लक्ष्य निर्धारित तिथि तक तैयार कर प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

3. बैठक में उपस्थित समस्त कार्मिकों को अवगत कराया गया कि विभिन्न कार्यालयों से प्राप्त चिकित्सा प्रतिपूर्ति सम्बन्धी प्रकरणों के बीजकों में सम्बन्धित उपचार के सम्मुख सी0जी0एच0एस0 कोड अंकित नहीं किया जा रहा है, जिससे चिकित्सा प्रतिपूर्ति प्रकरण के निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब हो रहा है। इस सम्बन्ध में समस्त कार्मिकों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति प्रकरण वित्त विभाग को प्रेषित करने से पूर्व भली–भाँति जाँच/परीक्षण कर सी0जी0एच0एस0 कोड अंकित करने के उपरान्त ही प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही श्री दीपक पाण्डे, लेखाधिकारी, पिटकुल, देहरादून को नवीनतम सी0जी0एच0एस0 दर सूची कारपोरेशन की वैबसाइट पर अपलोड करवाने हेतु निर्देशित किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(दीपक पाण्डे)** | **(तरूण सिंघल)** | **(विवेकानन्द)** | **(अशोक कुमार जुयाल)** |
| **लेखाधिकारी** | **वरिष्ठ लेखाधिकारी** | **उपमहाप्रबन्धक (मा0सं0)(प्र0)** | **महाप्रबन्धक (मा0सं0)(औ0)** |